वर्ष-15, अंक-95
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
आनंद वहा नहीं हैं, जहा धन मिल, आनंद तो वहा हैं जहां मन मिले।

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, बुधवार, 10 जुलाई 2024

## बिहार से दिल्ली जा रही बस की कंटेनर से जोरदार टक्कर

### हादसे में अबतक 18 लोगों की मौत; 30 से अधिक घायल

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस सड़क हादसे में अबतक 18 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर चीफ-पुकार मच गई है। स्थानीय प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।
जानकारी के मुताबिक, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार डबल डेकर बस दूध के कंटेनर में पीछे से जा घुसी। यात्रियों से भरी बस बिहार के सीतामढ़ी से दिल्ली जा रही थी। ऐसे में संभावना



जताई जा रही है कि मृतकों में अधिकतर लोग बिहार के हो सकते हैं।
स्थानीय लोगों द्वारा घटना का जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम राहत कार्य में जुट गई है। घायलों को नजदीक के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जबकि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।
घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और हालात का जायजा लिया है। यह हादसा उन्नाव के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के पास हुआ है। बता दें कि मंगलवार को भी आगरा में दिल्ली से सीवान आ रही बस हादसे की शिकार हो गई थी। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

## एक्शन में सांसद , देर रात पहुंच गईं सदर अस्पताल

### कुव्यवस्था को देख स्वास्थ्यकर्मियों पर भड़कीं, बोलीं- हॉस्पिटल में बेसिक मेंटेनेंस भी नहीं

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
**समस्तीपुर**- समस्तीपुर की सांसद बनने के बाद लोजपा (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी एक्शन में आ गईं हैं। शांभवी देर रात अचानक सदर अस्पताल पहुंच गईं और घूम-घूमकर अस्पताल के कोने-कोने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सदर अस्पताल में व्याप्त कुव्यस्था और गंदगी को देख स्वास्थ्यकर्मियों को सख्त चेतावनी दी।
शांभवी ने निरीक्षण के दौरान सिर्फ इमरजेंसी और पीकू वार्ड में डॉक्टर की मौजूदगी पाई जबकि एसएनसीयू में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। अस्पताल परिसर में जल जमाव की स्थिति है। अस्पताल के बेड पर न तो चादर मिला और ना ही बेड का कवर ही मौजूद था। निरीक्षण के दौरान शांभवी ने कहा कि सदर अस्पताल



की हालत काफी खराब है। इतनी गंदगी है कि मरीज संक्रमण से बीमार हो जाएगा।
उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में जल जमाव है। मात्र दो डॉक्टर ड्यूटी पर मिले। रोस्टर के मुताबिक डॉक्टर वार्डों में मौजूद नहीं हैं। शांभवी ने कहा कि दिल्ली और पटना में रहती हूं तो बार-बार केवल सदर अस्पताल की शिकायत मिलती रहती है। अस्पताल में बेसिक मेंटेनेंस भी नही है। सभी लोगों से जवाब मांगा जाएगा। साथ ही डीएम के साथ होने वाली समीक्षा बैठक में इसे उठाया जाएगा।

### पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

## Indigo की फ्लाइट का एसी हुआ खराब, घंटों परेशान रहे लोग

**पटना**- सोमवार की रात पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों ने जोरदार हंगामा किया। पटना से हैदराबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की विमान का एसी काम नहीं कर रहा था। विमान में सवार यात्री गर्मी से परेशान होकर हंगामा करने लगे। जिसके बाद सभी यात्रियों को विमान से नीचे उतार दिया गया। एयरपोर्ट पर घंटों अफरा-तफरी मची रही। बाद में एसी को ठीक करने के बाद विभान को रवाना किया गया।
दरअसल, पटना से हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 6223 हैदराबाद से ही तीन घंटे की देरी से पटना पहुंचा। तीन घंटे




से यात्री पटना एयरपोर्ट पर फ्लाइट के आने का इंतजार कर रहे थे। फ्लाइट आने के बाद 157 यात्री विमान में सवार हो गए और फ्लाइट उड़ान भरने के लिए तैयार थी। यात्री बंद एसी को चलाने की मांग कर रहे थे। बाद में जब उन्हें जानकारी मिली की विमान का एसी खराब है तो हंगामा शुरू कर दिया।
यात्रियों का कहना था कि एक तो विमान पहले ही तीन घंटा देरी से पहुंचा और अब विमान का एसी खराब है। उन्होंने विमान कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। हंगामे के बाद टेक्निशियनों का दल पहुंचा और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद खराब एसी को ठीक किया गया। तब जाकर यात्रियों का गुस्सा शांत हुआ और विमान को हैदराबाद के लिए रवाना कर दिया गया।

## बिहार में भीषण सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत

### कार-ऑटो की हुई जोरदार टक्कर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बिहार के बेगूसराय में बड़ा हादसा हुआ है। यहां मंगलवार की सुबह कार और ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि कार सवार तीन लोग बुरी तरह से घायल हैं। घटना एनएच 31 पर एफसीआई थाना क्षेत्र के बिहट रतन चौक के पास की है।
घटनास्थल पर अफरा-तफरी मची हुई है। बताया जा रहा है कि ऑटो सिमरिया से जीरो माइल की तरफ जा रही थी। इसी दौरान करीब साढ़े पांच बजे ऑटो की जोरदार टक्कर स्विफ्ट डिजायर कार से हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो



में फंसे शवों को बाहर निकाला है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे में मौत के शिकार लोगों की पहचान शमोह थाना क्षेत्र के विजुलिया निवासी जगदीप यादव के 28 वर्षीय बेटे सिंटू कुमार, नालंदा के पुवारी (गोनामा) निवासी सुनील कुमार का 28 वर्षीय बेटे विक्की कुमार, गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कुंवर टोल वार्ड 15 निवासी रामदास का 24 वर्षीय बेटा नीतीश कुमार, बखरी थाना क्षेत्र के मौजी हरी सिंह गांव निवासी वीरेंद्र तांती का 22 वर्षीय बेटा अमनदीप कुमार और छोराही थाना क्षेत्र के राजोपुरबेंगा निवासी रमाकांत दास के 25 वर्षीय बेटे रजनीश कुमार उर्फ गौतम के रुप में हुई है।

### रात के अंधेरे में प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाया

## भनक लगते ही परिजनों ने धर दबोचा अब थाने में कराई शादी

खड़गपुर प्रखंड के रतैठा गांव निवासी सत्यम कुमार सिंह के पुत्र सुमित कुमार (26) वर्ष का गांव की ही मनीषा कुमारी उर्फ प्रियम (23) के साथ प्रेम-प्रसंग पिछले 5 वर्षों से चल रहा था। उसके बाद इन लैला मजनू का प्रेम परवान पर चढ़ने लगा। सोमवार की देर रात्रि प्रेमिका मनीषा कुमारी ने अपने प्रेमी सुमित कुमार को मिलने के लिए बुलाया। जब प्रेमी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर आया तो गांव के कुछ मनचलों



ने दोनों को कमरे में बंद कर दिया। गांव में काफी हो हंगामा हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।
पुलिस प्रेमी प्रेमिका दोनों को अपने साथ थाने ले आई। उसके बाद दोनों परिवारों के लोगों को भी थाना बुलाया गया। खड़गपुर पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता कर मामले में सुलह करवा कर दोनों प्रेमी युगल का शादी शिव मंदिर में करवाई। जहां प्रेमी-प्रेमिका व परिजनों की आपसी सहमति से दोनों की शादी शिव मंदिर में विवाह संपन्न हुआ। इन प्रेमी-प्रेमिका की शादी को देखने के लिए कई लोग भी उमड़ पड़े।

## बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर एक्टिव हुआ शिक्षा विभाग

### इस दिन होगी कमेटी की पहली बैठक



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पटना, बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग एक्टिव हो गया है और तबादला और पदस्थापन नीति पर काम शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा इसके लिए गठित कमेटी की बैठक आगामी 11 जुलाई को होगी। कमेटी की शिफारिश पर शिक्षकों के ट्रांसफर और सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की पोस्टिंग पर फैसला लिया जाएगा।
दरअसल, शिक्षकों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए शिक्षा विभाग ने इसी महीने दो जुलाई को कमेटी का गठन किया था। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में गठित कमेटी को 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश सरकार की तरफ से दिया गया है। यह कमेटी शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग के अलावा अनुकंपा पर नियुक्ति, छुट्टी तालिका और बिहार शिक्षा सेवा कैडर को फिर से गठित करने से संबंधित रिपोर्ट भी सौंपेगी।
कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपने के बाद शिक्षा मंत्री और विभागीय सचिव एस.सिद्धार्थ रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे। इसके बाद इसपर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शिक्षकों को शिक्षा विभाग के फैसले का बेसब्री से इंतजार है। महिला शिक्षक और उम्रदराज शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग दूसरे जिलों में नहीं करने का अनुरोध किया गया था। इन सभी विषयों को ध्यान में रखकर कमेटी अपनी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपेगी।

### 24 घंटे में 9 लोगों की मौत

## इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने लगी है. वहीं अधिकांश जिलों में वज्रपात के कारण लोगों की जान जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार बिहार के अलग-अलग जिलों में पिछले 24 घंटे में वज्रपात के कारण 10 लोगों की मौत हो गयी है. वहीं मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए बिहार के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी



किया है.
मौसम विभाग ने बिहार के अररिया, कटिहार, सुपौल, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया. वहीं मौसम विभाग व आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे मेघगर्जन और बारिश के दौरान घरों से बाहर नहीं निकलें. वहीं बिहार के कई जिलों में दो-तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. बिहार की कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर हो गई है.